# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
# पावर सेक्टर पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर

**अनुलग्नक - 1**

**संदर्भ: PW/NGP/HRX/PTMC/2025** **दिनांक: 13.06.2025**

## <u>विज्ञापन सं.01/2025</u>

बीएचईएल, पावर सेक्टर पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर अपने वडोदरा कार्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पार्ट टाइम मेडिकल कंसल्टेंट्स (पीटीएमसी) के रूप में नियुक्त करने के लिए नीचे दिए गए आवश्यक विनिर्देशों को पूरा करने वाले मेडिकल प्रोफेशनल्स से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद | पदों की संख्या | अधिकतम आयु सीमा (01.07.2025 को) | न्यूनतम आवश्यक योग्यता | न्यूनतम आवश्यक पद योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीटीएमसी (पार्ट टाइम मेडिकल कंसल्टेंट्स) | 01 | 65 वर्ष | एमबीबीएस | किसी प्रतिष्ठित अस्पताल में 3 वर्ष (इंटर्नशिप को छोड़कर) |

**<u>महत्वपूर्ण सूचना:</u>** सामान्य/आंतरिक चिकित्सा में एमडी/डीएनबी के साथ-साथ विशेषज्ञता में 01 वर्ष का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी ।

**<u>पारिश्रमिक</u>**: पारिश्रमिक नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रति घंटे के आधार पर होगा:

| पद | प्रति घंटा पारिश्रमिक | प्रतिदिन घंटों की संख्या | प्रति माह दिनों की संख्या (अधिकतम सीमा) |
|---|---|---|---|
| पीटीएमसी (एमबीबीएस) | 400 | 03 | यह अवधि 22 से 25 दिनों तक होगी, क्योंकि रविवार और त्यौहारों की छुट्टियों के साथ-साथ दूसरे एवं माह के अंतिम शनिवार भी अवकाश रहेगा । |
| पीटीएमसी (पीजी डिप्लोमा) | 520 | 03 | |
| पीटीएमसी (एमडी/डीएनबी) | 640 | 03 | |

इसके अतिरिक्त, चयनित अभ्यर्थी को निम्नानुसार परिवहन शुल्क का भुगतान किया जाएगा:

क) स्थानीय यात्रा के मामले में (30 किलोमीटर तक एक तरफा) परिवहन शुल्क वास्तविक आधार पर दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 4500/- रुपये प्रति माह होगी ।

**<u>महत्वपूर्ण निर्देश:</u>**

1. उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के पास एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी की डिग्रियां मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए ।
2. उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया या स्टेट मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना चाहिए ।
3. यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी आधार पर एवं प्रारंभिक नियुक्ति के समय से 1 वर्ष की अवधि के लिए होगी । प्रबंधन के विवेकानुसार कार्यकाल का आगामी नवीकरण अधिकतम 3 वर्षों के लिए किया जा सकता है । दोनों पक्षों के लिए एक महीने की नोटिस अवधि होगी ।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई आरक्षण नहीं है । सभी आवेदकों को अनारक्षित श्रेणी में माना जाएगा ।

5. अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है तथा विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।
6. एक दिन में कार्य घंटों की संख्या अधिकतम 04 घंटे तक हो सकती है ।

**<u>चयन प्रक्रिया</u>**:

चयन शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा । साक्षात्कार की संभावित तिथि जून 2025 के आखरी  सप्ताह में होगी । साक्षात्कार पीएसडब्ल्यूआर के वडोदरा कार्यालय में आयोजित किया जाएगा और साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा ।

**<u>मेडिकल फिटनेस:</u>**

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए । कार्यभार ग्रहण करने से पहले, चयनित उम्मीदवार को कंपनी के अधिकृत चिकित्सा अधिकारी/पैनल अस्पताल द्वारा चिकित्सा जांच करानी होगी और नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों को पूरा करने के अधीन होगी । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हित में, एक सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपनी पूरी चिकित्सा जांच करवा लें ।

**<u>आवेदन कैसे करें</u>**:

इच्छुक उम्मीदवार पार्ट टाइम मेडिकल कंसल्टेंट्स की नियुक्ति के लिए संलग्न रिक्त आवेदन पत्र को भरकर और अपने विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वयं-सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ भेज सकते हैं:

1. एसएससी प्रमाणपत्र  (जन्मतिथि प्रमाण हेतु)
2. एमबीबीएस की सभी सेमेस्टर की मार्क शीट एवं डिग्री सर्टिफिकेट
3. एमडी/डीएनबी की सभी सेमेस्टर की मार्कशीट और फाइनल सर्टिफिकेट
4. एमसीआई और/या स्टेट मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र
5. उपरोक्तानुसार अनुभव का प्रमाण (संगठन/अस्पताल से सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी लेटर-हेड पर अनुभव प्रमाण पत्र या सेवारत डॉक्टरों के मामले में ज्वाइनिंग ऑर्डर के साथ ज्वाइनिंग और रिलीविंग लेटर या अंतिम वेतन पर्ची)।

उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए उपरोक्त दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी ।

विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ, लिफाफे पर **"पीटीएमसी के लिए आवेदन"** लिखकर भेजा जाए ताकि यह **27/06/2025** तक या उससे पूर्व निम्नलिखित पते पर पहुंच जाए:

**आर.एस.सी ऑफिस, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पावर सेक्टर पश्चिमी क्षेत्र, सी-16/17, गायत्री नगर रोड़, गोत्री, वडोदरा–390021, गुजरात ।**

विलम्ब से प्राप्त/अधूरे भरे हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**<u>सामान्य निर्देश</u>:**

1. सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/राष्ट्रीयकृत बैंकों/स्वायत्त निकायों में नियमित रोजगार पर कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा । हालांकि, विषम परिस्थिति में, वे सीधे आवेदन भेज सकते हैं और चयन की स्थिति में अपने संगठन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं ।
2. उम्मीदवारों को आवेदन करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपरोक्त पद के लिए निर्धारित आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं तथा उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण पूर्ण रूप से सही हैं ।

यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार आवश्यक पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और / या उसने कोई गलत / झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या किसी भी प्रासंगिक जानकारी / भौतिक तथ्य (यों) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारिता को खारिज कर दिया जाएगा । यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवा समाप्ति और अभियोजन सहित उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी । पात्रता मानदंड निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि 01.07.2025 होगी ।

3. यदि आवश्यकता हो तो प्रबंधन बिना कोई अतिरिक्त सूचना या कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/पुनर्निर्धारित/रद्द/निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । कंपनी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है ।
4. अधूरे भरे हुए आवेदन पत्र या आवश्यक अनुलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदन पत्र अथवा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे तथा इस मामले पर किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।
5. इसके अलावा, साक्षात्कार के लिए आमंत्रित/चयनित नहीं किए गए उम्मीदवारों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।
6. उम्मीदवारों को एक वैध ई-मेल आईडी रखने की सलाह दी जाती है, जिसे आवेदन पत्र में दर्ज किया जाना है । उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि इस ई-मेल आईडी को सक्रिय रखें क्योंकि उन्हें बीएचईएल द्वारा कोई भी महत्वपूर्ण सूचना इसी ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी ।
7. कोई भी शुद्धिपत्र/अद्यतन/परिवर्तन केवल हमारी वेबसाइट **www.bhelpswr.co.in/careers.bhel.in** के माध्यम से सूचित किया जाएगा, किसी अन्य माध्यम से नहीं ।
8. किसी भी प्रकार का प्रचार या बाहरी दबाव डालने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसे चयन के लिए अपात्र बना देगा ।

**<u>महत्वपूर्ण तिथियां</u>**

| | |
|---|---|
| 1. आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि : | 13.06.2025 |
| 2. आवेदन हार्ड कॉपी में प्राप्त करने की अंतिम तिथि : | 27.06.2024 |
| 3. साक्षात्कार की संभावित तिथि : | 30.06.2025 |